



## Patna University In News (28.09.2022)

THE TIMES OF INDIA

# Patna University forms research and development cell




**PATNA**: Patna University (PU) on Tuesday announced the establishment of its much-needed research and development cell (RDC) in the light of the UGC's directive to promote research activities in the universities and integrate the research findings with the social development initiatives. The RDC has got a nine-member advisory council headed by PU vicechancellor Girish Kumar Chaudhary. PU zoology department's senior faculty and PU's former development officer, Parimal Kumar Khan, has been appointed RDC's director. Other members of the research advisory council arepro-VC Ajay Kumar Singh, students' welfare dean Anil Kumar, botany department's senior faculty Birendra Prasad, geology department head Atul Aditya Pandey, home science department head Anju Srivastava, Vanijya Mahavidyalaya senior faculty N K Jha, education department faculty Khagendra Kumar and RDC director (member secretary). Soon after the establishment of the RDC, the VC told the newspaper that PU on Tuesday transferred a sum of Rs 3 crore to this newly-created body to enhance research activities on the campus. While a sum of Rs 2 crore is earmarked for awarding financial assistance to the minor research projects to be undertaken by university teachers, another sum of Rs 1 crore is earmarked for the publication of university-level research journals, he said.

The RDC will also motivate the faculty to send research proposals of societal relevance to different funding agencies like UGC, DST, DBT and ICSSR for financial assistance, he said. The VC said RDC will act as a facilitator for networking and collaborative research with other national and international institutions working in inter- disciplinary, trans-disciplinary and multidisciplinary research areas. PU proposes to establish collaborations, partnerships and combined ventures for joint research activities through clustering institutions and organizations to facilitate the exchange of students, scholars and faculty.

Besides the research advisory council, the RDC has also got five other committees, namely, finance and infrastructure committee, research programme and policy development committee, collaboration and community development committee, product development, marketing and commercialisation committee and IPR, legal and ethical matters committee.

# पीयू में रिसर्च डेवलपमेंट सेल का गठन

**बेहतरी**

## डीडीइ के डायरेक्टर बनाये गये कर्नल कामेश


संवाददाता, पटना

पटना यूनिवर्सिटी ने यूजीसी की ओर से जारी नयी शिक्षा नीति 2020 की गाइडलाइन का पालन करते हुए एस्टेबलिशमेंट ऑफ रिसर्च डेवलपमेंट सेल (आरडीसी) का गठन किया है. मंगलवार को आरडीसी का गठन कर लिया गया है. इसके साथ पांच अलग-अलग कमेटियों का भी गठन किया गया है. इसमें रिसर्च एडवाइजर काउंसिल में कुलपति चेयरमैन होंगे व आरडीसी के डायरेक्टर मेंबर सचिव होंगे. इसके साथ इस कमेटी में सात सदस्यों को रखा गया है, जिसमें प्रति कुलपति व डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर शामिल हैं. वहीं, आरडीसी का निदेशक प्रो परिमल कुमार खान को बनाया गया है. इनका नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है. इसके साथ डेवलपमेंट ऑफिसर प्रो खगेंद्र कुमार को बनाया गया है. डायरेक्टर ऑफ डिस्टेंस एजुकेशन के निदेशक कर्नल कामेश कुमार को बनाया गया है. इन सभी का नोटिफिकेशन पीयू ने जारी कर दिया है.

### कम्युनिकेशन कमेटी का भी हुआ गठन

इस फाइनेंस एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कमेटी में फाइनेंस एडवाइजर कन्वेनर होंगे. बाकी चार अन्य मेंबर को नामांकित किया गया है. रिसर्च प्रोग्राम, पॉलिसी डेवलपमेंट कमेटी के कन्वेनर डेवलपमेंट ऑफिसर होंगे. इनके साथ छह सदस्यों को शामिल किया गया है. कोलेब्रेशन एंड कम्युनिटी का कन्वेनर डॉ शेफाली राय को बनाया गया है. इसमें चार मेंबर को शामिल किया गया है. प्रोडक्ट डेवलपमेंट एंड मार्केटिंग एंड कम्युनिकेशन कमेटी का गठन किया गया है. आइपीआर, लीगल एंड एथिकल मैटर कमेटी का गठन किया गया है. इस कमेटी के कन्वेनर डॉ वाणि भूषण को बनाया गया है. बाकि चार लोग सदस्य के रूप में इसमें शामिल रहेंगे.

प्रभात खबर
Wed, 28 September 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70347617




**Patna University In News (28.09.2022)**

दैनिक भास्कर

## पटना विवि: रिसर्च डेवलपमेंट सेल की भी स्थापना, प्रो परिमल खान बने सेल के निदेशक

# शोध की गुणवत्ता के लिए एडवाइजरी काउंसिल गठित

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

पटना विश्वविद्यालय में शोध की गुणवत्ता में सुधार के लिए कुलपति प्रो. गिरीश कुमार चौधरी की अध्यक्षता में रिसर्च एडवाइजरी काउंसिल की स्थापना की गयी है। साथ ही यूजीसी के निर्देशानुसार एक रिसर्च डेवलपमेंट सेल की स्थापना भी की गयी है। सेल का निदेशक प्रो परिमल खान को बनाया गया है। साथ ही वे रिसर्च एडवाइजरी कमेटी के सेक्रेटरी भी होंगे। उक्त रिसर्च काउंसिल रिसर्च सेल को एडवाइस करेगी और रिसर्च सेल उसी के अनुरूप उसका क्रियान्वयन करेगा। सेल विवि के अंतर्गत आने वाले रिसर्च प्रोजेक्ट की जांच करेगी और उक्त प्रोजेक्ट की गुणवत्ता के लिए सुझाव देगी और फिर उक्त रिसर्च को जरूरत के मुताबिक क्या फंड देना और किन अन्य माध्यमों से भी उन्हें फंड मुहैय्या कराया जा सकता है उसके लिए जरूरी कदम उठाएगी। इसके अतिरिक्त छात्रों के द्वारा जो शोध कार्य किये जा रहे हैं उसके प्लेगरिज्म (नकल) की जांच करेगी और उनकी गुणवत्ता को भी बेहतर करने के लिए जरूरी सुझाव व कार्य करेगी।

### नौ सदस्यीय होगी रिसर्च एडवाइजरी काउंसिल

पीयू की रिसर्च एडवाइजरी काउंसिल नौ सदस्यीय होगी। कुलपति प्रो गिरीश कुमार उसके चेयरमैन होंगे। इसके अतिरिक्त प्रति कुलपति प्रो अजय कुमार सिंह, स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन प्रो. अनिल कुमार, आइटी सेल के निदेशक प्रो बिरेंद्र प्रसाद, जियोलॉजी स्नातकोत्तर विभाग के अध्यक्ष प्रो अतुल आदित्य पांडेय, होम साइंस की प्रोफेसर अंजू श्रीवास्तव, वाणिज्य कॉलेज के प्राचार्य प्रो एनके झा, शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉ. खगेंद्र कुमार व रिसर्च डेवलपमेंट सेल के निदेशक प्रो. परिमल खान शामिल हैं। रिसर्च डेवलपमेंट सेल में कई सब कमेटियां भी बनाई गई हैं। इसमें फाइनेंस कमेटी में पीयू के फाइनेंस एडवाइजर, प्रो शैलेंद्र, प्रो एसबी लाल, डॉ. राकेश रंजन व यूनिवर्सिटी इंजीनियर सचिन दयाल शामिल हैं। रिसर्च प्रोग्राम, पॉलिसी डेवलपमेंट में डेवलपमेंट ऑफिसर प्रो खगेंद्र कुमार, डॉ. जीबी चांद, डॉ. श्यामा जमाल, डॉ. संतोष प्रसाद गुप्ता, डॉ. जियाउल हसन, डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. प्रियंका कुमारी शामिल हैं। कोलेबोरेशन एंड कम्युनिटी कमेटी में डॉ. शेफाली राय, डॉ. सुहेली मेहता, डॉ. गजेंद्र कुमार, डॉ. सौम्या श्रीवास्तव, डॉ. प्रिटी कुमारी शामिल हैं। प्रोडेक्ट डेवलपमेंट एंड मार्केटिंग एंड कॉमर्शियलाइजेशन कमेटी में डॉ अंजु श्रीवास्तव, डॉ. मनोज प्रभाकर, डॉ. रजनी पांडे, डॉ. पूनम रंजन, डॉ. प्रियंका शर्मा शामिल हैं. आइपीआर, लीगल व एथिकल मैटर्स कमेटी में डॉ. वाणी भूषण, डॉ. योगेंद्र वर्मा, डॉ. बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, डॉ. सलीम जावेद, डॉ. अशोक झा शामिल हैं।

दैनिक भास्कर

# पीयू : रजिस्ट्रार बने डीडीई के प्रभारी निदेशक

पटना। पटना विवि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कर्नल कामेश कुमार को दूरस्थ शिक्षा निदेशालय (डीडीई) का प्रभारी निदेशक बनाया गया है। वहीं डीडीई के निदेशक प्रो खगेंद्र कुमार को विकास पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं विकास पदाधिकारी प्रो. परिमल खान को रिसर्च डेवलपमेंट सेल का निदेशक बनाया है। उक्त सभी अधिसूचनाएं जारी कर दी गयी हैं। बुधवार को ये सभी पदाधिकारी विधिवत अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

# पीयू पीजी का नया सत्र 30 से, 11 तक स्पॉट एडमिशन

संवाददाता, पटना


पटना यूनिवर्सिटी के पीजी रेगुलर कोर्स के नये सत्र 2022 में एडमिशन प्रक्रिया जारी है. मंगलवार से सेकेंड मेरिट लिस्ट के आधार पर एडमिशन शुरू हो गया है. 28 को एडमिशन की अंतिम तिथि है. पीयू में पीजी का नया सत्र 30 सितंबर से शुरू हो जायेगा. पीयू ने नोटिस जारी कर सभी पीजी डिपार्टमेंट को इंडक्शन प्रोग्राम 30 सितंबर को आयोजित करने के लिए कहा है. वहीं, पीयू ने सभी पीजी हेड को पत्र लिख कर कहा है कि यूनिवर्सिटी के पीजी में खाली सीटों पर स्पॉट राउंड के तहत 11 अक्तूबर तक एडमिशन ले लेना होगा.

प्रभात खबर Wed, 28 https:/.

# विधिक में रिसर्च का है महत्वपूर्ण योगदान

**पटना.** पटना यूनिवर्सिटी स्नातकोत्तर विधि विभाग में मंगलवार को स्पेशल लेक्चर का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य वक्ता के रूप में फैकल्टी ऑफ लॉ कॉलेज ऑफ कॉमर्स के इंचार्ज प्रो अनिल कुमार सिंह ने स्नातकोत्तर विधि विभाग के एलएलएम तथा पीएचडी के छात्रों को रिसर्च मेथाडोलॉजी के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने रिसर्च मेथाडोलॉजी के विभिन्न आयामों पर चर्चा की और विधिक रिसर्च किस तरह से आज के समय में हमारे समाज के लिए वरदान है तथा योगदान देता है, इसकी भी चर्चा की गयी. इस अवसर पर विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ योगेंद्र कुमार वर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया.

प्रभात खबर Wed, 28 https://




## Patna University In News (28.09.2022)

दैनिक भास्कर

# पीयू स्थापना दिवस पर शिक्षा मंत्री टॉपर्स को करेंगे सम्मानित

## एक अक्टूबर को है 106वां स्थापना दिवस



एजुकेशन रिपोर्टर, पटना

पटना विश्वविद्यालय 106वां स्थापना दिवस कार्यक्रम व्हीलर सीनेट हॉल में एक अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन प्रो अनिल कुमार बताया कि शिक्षा मंत्री प्रो चंद्रशेखर उक्त कार्यक्रम में स्नातक के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित करेंगे। कुल 65 गोल्ड मेडलिस्ट में 42 छात्राएं शामिल हैं। कार्यक्रम का अध्यक्षता कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी करेंगे। इस मौके पर शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### टॉपर्स लिस्ट में नहीं बदलाव

स्नातक के टॉपर्स लिस्ट में किसी भी तरह की आपत्ति होने पर आवेदन आमंत्रित किये गये थे। परीक्षा नियंत्रक प्रो आरके मंडल ने बताया कि उक्त सूची यथावत रहेगी। उसमें कोई बदलाव नही है। पटना विवि में स्नातक सत्र 2018-2021 व 2019-2022 के टॉपर्स की सूची 15 सितंबर को जारी हुई थी। सत्र 2018-2021 में 39 टॉपर्स में 25 छात्राएं, 2019 सत्र में 26 में 17 छात्राएं हैं। सत्र 2018-21 के ग्रेजुएशन रेगुलर व वोकेशनल के साथ-साथ बीएड, बीएफए 2017-21, बीलिस 2020-21, एलएलबी 2018-21 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी सत्र 2018 वाली सूची में शामिल किया गया है।

दैनिक जागरण

# प्रो. खगेंद्र बने पटना विश्वविद्यालय के विकास पदाधिकारी

जासं, पटना : पटना विश्वविद्यालय ने प्रो. खगेंद्र कुमार को नया विकास पदाधिकारी नियुक्त किया है। वहीं, दूर शिक्षा निदेशक का प्रभार कुलसचिव कर्नल कामेश को दिया गया है। विकास पदाधिकारी के पद कार्यरत रहे प्रो. परिमल कुमार खान को रिसर्च एंड डेवलपमेंट का निदेशक नियुक्त किया गया है।